मैं उस व्यक्ति के लिए जन्नत के अंदर एक घर की गारंटी लेता हूँ, जो सत्य पर होने के बावजूद व्यर्थ तर्क करना छोड़ दे।

अबू उमामा बाहिली (रज़ियल्लाहु अन्हु) से वर्णित है कि नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व
सल्लम) ने फ़रमाया : "मैं उस व्यक्ति के लिए जन्नत के अंदर एक घर की गारंटी लेता हूँ,
जो सत्य पर होने के बावजूद व्यर्थ तर्क करना छोड़ दे। और जो मज़ाक़ में भी झूठ बोलना छोड़ दे, उसके लिए जन्नत के बीच में एक घर की गारंटी देता हूँ। एवं जो व्यक्ति अपना
आचरण ठीक कर ले, उसके लिए जन्नत के उच्चतम भाग में एक घर की ज़मानत लेता हूँ।"
[ह़सन] [इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है।]

अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने बताया है कि आप उस व्यक्ति को जन्नत के बाहर, उसके आस-पास या उसके किनारों में एक घर की गारंटी देते हैं, जो हक़ पर होते हुए भी बहस न करे, जिससे एक तो समय नष्ट होता है और फिर द्वेष भी पैदा होता है। इसी तरह उस व्यक्ति को जन्नत के बीच में एक घर की गारंटी देते हैं, जो झूठ बोलना और वास्तविकता से हटकर बात करना छोड़ दे, चाहे मज़ाक़ ही में क्यों न हो। इसी प्रकार उस व्यक्ति को जन्नत के उच्चतम स्थान में एक घर की गारंटी देते हैं, जिसका आचरण अच्छा हो। चाहे इसके लिए नफ़्स को अभ्यस्त ही क्यों न करना पड़े।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/5804